# संस्कृति विवि में डांडिया नाइट, जमकर नाचे विधार्थी



eFkjk] okrkA संस्कृति विश्विद्यालय में बड़े जोर शोर के साथ डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। विवि के अधिकारी, कर्मचारियों, छात्र और छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर देर रात तक आनन्द लिया। डांडिया नाइट की शुरुआत मां दुर्गाजी की आरती के साथ हुई। संस्कृति विश्विद्यालय की सीईओ और विवि के कुलपति प्रो एमबी चेट्टी सहित अन्य अधिकारियों ने विधिविधान के साथ पूजन करके माता की आरती उतारी। इसके साथ ही ढोल नगाड़ों की थाप पर सभी पदाधिकारियों, छात्र छात्राओं ने डांडिया नृत्य शुरू कर दिया। छात्राओं ने परंपरागत परिधान पहनकर गरबा नृत्य किया। गुजरात की गंध बिखेरते गीतों पर छात्र छात्राओं ने एक के बाद एक नृत्य प्रस्तुतियां देकर लोगों का दिल जीत लिया। उत्सव की ये रात नृत्यों से झूम उठी। देर रात तक लोगों ने उत्सव का आनंद लिया। आयोजन की तायरियों में संस्कृति स्टूडेंट वेलफेयर के डीन डा डीएस तोमर, विधि सिंह,प्रशास. निक अधिकारी विवेक श्रीवास्तव आदि लोगों विशेष सहयोग दिया।

## बीएसए कालेज के ग्राउंड पर प्रतिभा दिखाएंगे महिला पुरूष पहलवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जिला कुश्ती संघ के तत्वावधान में सीनियर प्रदेश स्तरीय मुहिला व पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन नौ से 11 नवम्बर तक बीएसए डिग्री कालेज मथुरा में होगा।

इस की तैयारियों की समीक्षा के लिए पर्यवेक्षक एवं उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के महासचिव सुरेश उपाध्याय यहां रविवार को पहुंचे। उनको स्थानीय पदाधिकारियों ने माला व पटका पहनाकर किया। श्री उपाध्याय ने मथुरा के एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते समय बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों के महिला पुरुष पहलवान भाग लेने आएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में




प्रदेश कुश्ती संघ के निर्देशन में मथुरा जिला कुश्ती संघ के पदाधिकारी पूरी निष्ठा से जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा पहलवान, महासचिव जनार्दन सिंह, कोषाध्यक्ष हरिओम शर्मा, पूर्व यूपी केसरी राम निवास पहलवान, पिंटू पहलवान, पार्षद हनुमान पहलवान, एनआईएस कुश्ती कोच ब्रजमोहन उपस्थित थे।

# शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कारवान बनाएं




अमरोहा। मैढ़ क्षत्रिय सोनार समाज के कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

## मैढ़ क्षत्रिय सोनार समाज की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मैढ़ क्षत्रिय सोनार समाज सेवा समिति के वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि रामकिशोर वर्मा ने कहा कि हमें अपने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार अवश्य देने चाहिए। एकता में ही शक्ति है। संगठित होकर समाज की तरक्की के लिए आगे बढ़े।

रविवार को मोहल्ला किशनगढ़ स्थित स्वर्णकार भवन में समिति की ओर से वार्षिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि रामकिशोर वर्मा ने कविता पाठ कर समाज में ओज भरने का काम किया। उन्होंने कहा कि हमें हर हाल में अपने बच्चों को संस्कारवान बनाना है। हमारे समाज में शिक्षा की कमी नही है, जरूरत है बस प्रतिभा निखार की। हरीश कुमार वर्मा ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है। मदन गोपाल वर्मा ने कहा कि हमें शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कमलेश वर्मा ने कहा कि आज समाज बहुत आगे है। दहेज रहित विवाह को युवा आगे आए। मदन वर्मा ने कहा कि बेटियों को आत्मनिर्भर बनाएं। समाज की राजनीतिक भागेदारी बढ़ाएं। विनोद वर्मा ने कहा कि बेटिया आज बेटों से कम नही है। उन्हें आगे बढ़ने को प्रेरित करें। प्रदीप उर्फ प्रताप वर्मा ने कहा कि समाज के युवा सरकारी नौकरी के स्थान पर अपने वंशागत काम को करें। आत्मनिर्भर बनकर समाज उत्थान के लिए काम करें। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष रोहिताश कुमार वर्मा व महामंत्री प्रवेश कुमार वर्मा ने सभी का आभार जताया। इस दौरान पुरूषोत्तम वर्मा, महेश चंद्र वर्मा, दीपक उर्फ सोनू, मास्टर भारत सिंह, बाबूराम वर्मा, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, सुनील वर्मा, सुशील वर्मा, राजू वर्मा, अंकुर वर्मा, विशाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## किसान से साइबर ठगों ने दस हजार ऐंठे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पाकिस्तान के कंट्री कोड वाले नंबर से कॉल कर साइबर अपराधी ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर किसान को डिजिटल अरेस्ट करने की कोशिश की। मुकदमे में बेटे के फंसे होने की बात कहकर छोड़ने के बदले में एक लाख रुपये की मांग की। जेल भेजने की धमकी देते हुए दस हजार रुपये उसी वक्त अपने नंबर पर ट्रांसफर करा लिए। गनीमत रही कि शनिवार को दशहरे के चलते बैंकों में अवकाश था, इसी कारण बाकी रकम ट्रांसफर होने में अड़चन आ गई। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए साइबर थाने में तहरीर दी है। पुलिस फिलहाल मोबाइल नंबर के आधार पर साइबर अपराधी को ट्रेस करने की कोशिश कर रही है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर माफी में किसान मोहम्मद असलम का परिवार रहता है। शनिवार सुबह करीब दस बजे उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से कॉल आई थी। जिसका कंट्री कोड पाकिस्तान का था। झिझकते हुए आखिर में उन्होंने कॉल रिसीव कर ली, कॉल करने वाले शख्स ने खुद को दिल्ली का पुलिस अधिकारी बताया।

## टैम्पो में रखे बैग से आभूषण चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** टेंपो में सवार महिला के बैंग से अज्ञात महिलाओं ने सोने चांदी के आभूषण एवं नगदी चोरी कर ली। पीड़िता के सोने चांदी के आभूषण एवं नगदी गायब देख होश उड़ गये। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है।

रविवार को जनपद बिजनौर के थाना राजा के ताजपुर के गांव मूसेपुर निवासी लता त्यागी अपनी मां मालती देवी,नंद डोली त्यागी के साथ गजरौला से डग्गामार टेंपो में सवार होकर गंगेश्वरी जा रही थी। जैसे ही टेंपो संभल अड्डे पर पहुंचा तो टेंपो चालक द्वारा किराया मांगने पर जब महिला ने अपना बैग खोला तो उसमें रखी नगदी तथा आभूषण गायब देख महिला के होश उड़ गये। इसके बाद टेंपो चालक पीड़िता को लेकर कोतवाली पहुंचा। पीड़िता द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामलें की जांच पड़ताल में जुटी है। पीड़ित महिला लता त्यागी द्वारा बताया गया कि उनके बैग में 25 सौ रुपए की नगदी एवं सोने चांदी के आभूषण थे।

## शादी का झांसा देकर मेडिकल छात्रा के साथ दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोट।** थाना भोट क्षेत्र के एक गांव निवासी मेडिकल की छात्रा को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के बाद अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर साढ़े पांच लाख रुपए ऐंठने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मां, बाप, भाई, बहन सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र की गांव निवासी एक मेडिकल छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह उत्तराखंड में एक मेडिकल कॉलेज से बीयूएमघ्एस की पढ़ाई कर रही थी वर्ष 2020 में उसके साथ ही पढ़ाई कर रहे मुरादाबाद जनपद के कुंदरकी थाना क्षेत्र के कमालपुर फतेहाबाद निवासी छात्र मोहम्मद इकराम ने शादी का झांसा देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया था और अश्लील फोटो खींचकर वीडियो भी बना ली थी जिसके बाद आरोपी समय-समय पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए दुष्कर्म करता रहा और 2 जून को भी आरोपी ने युवती को रामपुर स्थित एक होटल में बुलाकर और अश्लील वीडियो बनाई ओर वीडियो को डिलीट करने का वादा कर युवती के साथ दुष्कर्म किया इसी दौरान युवती को पता चला है आरोपी के पिता मुकर्रम हुसैन, मां छिदिया ,बहन रहमत जहां और चचेरा भाई हैदर दहेज के लालच में आरोपी की शादी किसी और लड़की से कर रहे हैं युवती द्वारा सारी बात अपने परिजनों को बताने पर परिजन आरोपी के घर गए तो परिजनों को समझाया लेकिन वह नहीं माने और गाली गलौज कर धमकाते हुए भगा दिया। थाना पुलिस ने छात्रा की तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वार्ड व बूथ कमेटी बनाकर कांग्रेस लड़ेगी भाजपा के भ्रष्टाचार से



**मथुरा।** आज महानगर कांग्रेस कार्यालय होली गेट पर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें नवनियुक्त महानगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देकर आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकेश धनगर ने कहा कि सभी नवीन पदाधिकारी को बहुत-बहुत बधाई देते हुए कहा कि विधानसभा 2027 के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। ताकि हम उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का परचम लहरा सके।बैठक की अध्यक्षता करते हुए विक्रम वाल्मीकि ने कहा कि महानगर की कार्यकारिणी घोषित होने पर यह प्रथम बैठक है सभी पदाधिकारीयो को अपनी अपनी जिम्मेदारियां को समझना होगा शीघ्र ही संगठन को वार्ड एवं बूथ स्तर तक गठित कर भाजपा सरकार में फैल रही भ्रष्टाचार के खिलाफ जन आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। जिसमें आमजन की समस्याओं का निदान हो सके।

जिससे सभी पदाधिकारीयो द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर दिया। बैठक का संचालन मनोज गौड़ ने किया। इसमें उपाध्यक्ष दिनेश सैनी एडवोकेट, शालू अग्रवाल, मानवेंद्र पांडव, संजय पचौरी, जिलानी कादरी, राकेश दिवाकर, जगबीर सिंह एडवोकेट, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, प्रवक्ता उमाशंकर शर्मा, महासचिव डॉ0 सी एल शर्मा, विपुल पाठक, अनूप श्रीवास्तव, राजेंद्र बघेल, अप्रतिम सक्सेना, गोपाल बंसल, मयंक यादव, गौरव सिंह, लाल खान उस्मानी, सचिन, नितिन वार्ष्णेय, राजकुमार शर्मा, रवि कुमार वाल्मीकि आदि उपस्थित थे।

# श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक, दुल्हन की तरह सजी अयोध्या

## कोसी मार्ग और सिविल लाइंस में हुआ श्रीराम राज्याभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहर में चल रहे श्रीराम लीला मंचन में रविवार को भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का मंचन हुआ। मंचन देख दर्शक अभिभूत हो गए। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन और मां सीता की आरती उतारी गई। भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। दर्शक आधी रात तक श्रीरामलीला मंचन का आनंद लेते रहे।

रविवार को कोसी मार्ग स्थित रामलीला मैदान पर मंचन का शुभारंभ अतिथि पूर्व मंत्री शिवबहाद. ुर सक्सेना, अशोक कुमार अग्रवाल और राहुल गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। कमेटी की ओर से अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। रामलीला मंडल मथुरा के कलाकारों ने श्रीराम राज्याभिषेक का मंचन किया।लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान श्रीराम लक्ष्मण हनुमान और सीता माता के साथ अयोध्या के लिए रवाना हो गए।



जब श्रीराम के आने का पता अयोध्या वासियों कोलगा तो वहां खुशियां छा गई। अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया गया। भरत और शत्रुघन श्रीराम के स्वागत के लिए अयोध्या के बाहर पहुंच गए।

भगवान श्रीराम के आने पर भरत उनसे लगे मिले। इसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद भगवान श्रीराम का राज्याभिषेककिया। कमेटी पदाधिकारियों और अतिथियों ने भी श्रीराम का तिलक किया। इस दौरान इस दौरान कमेटी अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र गर्ग, संदीप अग्रवाल सोनी, भारत भूषण गुप्ता, सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, निर्भय कुमार गर्ग कोषाध्यक्ष, कमलेश कुमार अग्रवाल, इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार गोयल, राम प्रताप सर्राफ, विनीत कुमार अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, रविन्द्र कुमार मिश्रा, हरीश चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, ईश्वर सरन अग्रवाल, अरविन्द कुमार अग्रवाल, डा. सौरभ गुप्ता, डा. अजय कुमार अग्रवाल, श्याम कृष्ण शर्मा, गौरव जैन, अनिल कुमार चौरसिया, शांति शरण राठौड़, मनोज कुमार अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पंकज गर्ग, सुदर्शन लाल गुप्ता, विनोद कुघ्मार गुप्ता ठेकेदार,



मनोज कुमार अग्रवाल, जुगेश अरोरा कुक्कू, अनिल वशिष्ठ, अरूण कुमार अग्रवाल, राजीव सरन गर्ग, नितिन कुमार सर्राफ, श्रीराम अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।

सिविल लाइंस स्थित आदर्श रामल. ीला मैदान में भी श्रीराम के राज्याभिषेक का मंचन हुआ। इसके बाद श्रीरामलीला मंचन के समापन की घोषणा की गई। इस दौरान अध्यक्ष अमरनाथ खघ्नेजा,महामंत्री राकेश जुनेजा, महेश जुनेजा, नवीन भाटिया, पवन कुमार बाँगा, जिंकु सिढ़ाना, धनंजय पाठक, जगन्नाथ चावला, संजीव जैन, राजेंद्र सिढ़ाना, नवीन भाटिया, पवन कुमार बाँगा, जिंकु सिढ़ाना, प्रमोद आहूजा, अभिषेक खनेजा, अजय अरोरा आदि मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में डेढ़ लाख का इनामी बदमाश ढेर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** कोतवाली देहात क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से डेढ़ लाख का इनामी बदमाश राजेश ढेर हो गया। मुठभेड़ में अहार थाना प्रभारी समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। रविवार की तड़के देहात क्षेत्र में एक सूचना पर पुलिस टीम ने चेकिंग शुरू की। बदमाश का पीछा अहार पुलिस और एसओजी भी कर रही थी। देहात क्षेत्र में पुलिस टीम ने एक संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया। बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी जिस पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। बदमाश द्वारा की गई फायरिंग में आहार थाना प्रभारी यंग बहादुर और एसओजी का एक सिपाही घायल हो गये। पुलिस की गोली लगने से बदमाश भी घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से घायल बदमाश को हायर मेडिकल सेंटर रैफर कर दिया गया। रास्ते में बदमाश ने दम तोड़ दिया। पुलिस की जांच में बदमाश की पहचान अहार थाना के गांव सिहालीनगर निवासी राज. ेश के रूप में हुई, जो 1.50 लाख रुपये का इनामी बदमाश था। बताया कि उस पर लूट, डकैती, हत्या के प्रयास जैसे 50 से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं। उस पर बुलंदशहर पुलिस की तरफ से एक लाख और अलीगढ़ पुलिस से 50 हजार का इनाम था। जिला में बदमाश थाना अहार, अनूपशहर, डिबाई आदि स्थानों पर दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहा था। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सीओ अनूपशहर गिरजा शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में बदमाश की धरपकड़ के लिए कार्रवाई की जा रही थी। सीओ समेत दो पुलिसकर्मियों की बुलेट प्रूफ जैकेट में भी गोली लगी थी। हालांकि, बुलेट प्रूफ जैकेट की वजह वह घायल नहीं हुए। एसएसपी ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## मुठभेड़ में बदमाशों को लगी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** कोतवाली खुर्जा नगर क्षेत्र के मदनपुर चौराहे के निकट चेकिंग के दौरान फौजी गौरव की हत्या में वांछित दो बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इसमें दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। बदमाशों के पास से एक बाइक और दो तमंचे तीन कारतूस, तीन खोखे बरामद हुए हैं। सीओ खुर्जा भास्कर मिश्रा ने बताया कि 9 अक्टूबर की रात को विमला नगर में रुपयों के लेनदेन को लेकर दो लोगों ने फौजी गौरव निवासी विमला नगर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसमें दो हत्यारोपी वांछित चल रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। शनिवार की रात थाना खुर्जा नगर पुलिस सूचना के आधार पर मदनपुर चौराहे पर दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने के लिए चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान गांव मदनपुर रोड से एक बाइक पर 2 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिनको रूकने का इशारा किया तो वे बाइक को तेजी से मोड़कर वापस मदनपुर की तरफ भागने का प्रयास करने लगे। कुछ दूरी पर बदमाशों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गयी। बदमाशों ने खुद को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में 2 बदमाशों के पैर में गोली लग गई। जिसमें वह घायल हो गये जिनको गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने अपना नाम बाबूलाल पुत्र लोकेन्द्र निवासी ग्राम कमालपुर भदौरा थाना खुर्जा नगर और गोलू पुत्र चौधरी विजेन्द्र सिंह निवासी मोहल्ला विमलानगर खुर्जा जंक्शन थाना खुर्जा नगर बताया है। घायल बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके कब्जे से हत्या की घटना में इस्तेमाल बाइक, 2 तमंचे, 3 कारतूस, 3 खोखे बरामद हुए हैं। सीओ ने बताया कि बाबूलाल और गोलू पर विभिन्न धाराओं में दो-दो मुकदमे खुर्जा नगर में दर्ज हैं।

## युवती को सांप ने डसा, परिजनों में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जहांगीराबाद।** नगर के मोहल्ला मेंमरान में जय सिंह की 14 वर्षीय बेटी कोमल को उस समय एक जहरीले सांप ने डस लिया जब वह अपने घर पर पोछा लगा रही थी। कोमल की चीख पुकार सुनकर परिजन व मोहल्ले वासी दौड़कर आये और अनन-फानन में सरकारी अस्पताल ले गये जहाँ से जन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया जहाँ डॉक्टरों ने उन्होंने मृत घोषित कर दिया। मोहल्ले वासियों ने कड़ी मशक्कत के बाद सांप को पकड़कर एक डिब्बे में बंद कर दिया। परिजनों में घटना से कोहराम मचा लेकिन परि. जनो में शाम तक आस जगी रही कि हमारी बेटी अभी जिंदा है इसलिए युवती को सपरो को दिखाने का प्रयास किया गया लेकिन कोई नतीजा नही निकला। घटना की सूचना पर लोगो का हुजूम लग गया। देर रात को परिजनों ने मृतका कोमल का अनूपशहर गंगाघाट पर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## शिकायतकर्ता ने पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** विजयदशमी पर मेंला देखने आ रही युवतियों से मनचलों ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। मनचलों ने युवक के साथ जमकर लाठी डंडों से मारपीट की घायल कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगा चोली निवासी सुभाष पुत्र जयपाल शनिवार की देर शाम हसनपुर में लगने वाले दशहरा मेला देखने के लिए जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह करनखाल गांव के पुल के पास पहुंचा तो कुछ मनचले वहां पर युवतियों के साथ छेड़खानी कर रहे थे। युवक ने जब इसका विरोध किया तो मनचलों ने उसकी पिटाई करनी शुरू कर दी।

**अर्शिया लिमिटेड के लिए 27 सितंबर 2024 को प्रकाशित अभिरुचि की अभिव्यक्ति (फॉर्म-जी) का अनुशेष**

यह दिवाला और शोधन अक्षमता (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 36ए(1) के अंतर्गत अर्शिया लिमिटेड के लिए दिनांक 27 सितंबर 2024 को फाइनेंशियल एक्सप्रेस (सभी भारतीय संस्करण), नवकाल (मुंबई संस्करण) और शाह टाइम्स (मेरठ संस्करण कवर खुर्जा, जिला बुलंदशहर) में अभिरुचि की अभिव्यक्ति ("ईओआई") के लिए विज्ञापन आमंत्रण के संदर्भ में है, जिसमें ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर 2024 थी।
ऋणदाताओं की समिति के अनुमोदन के अनुसार, संभावित समाधान आवेदक(ओं) की व्यापक भागीदारी के लिए ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर 2024 तक बढ़ा दी गई है। ईओआई के लिए निर्धारित समय-सीमा नीचे दी गई है:

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम | अर्शिया लिमिटेड<br>पैन: AAACI2679A । सीआईएन: L9000MH1981PL024747 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | रजि. ऑफ.: अर्शिया एफटीडब्ल्यूजेड, सीओ-1, सर्वे नं. 178/3 और 178/4, पोस्ट-साई गांव, तालुका-पनवेल, जिला - रायगढ़, पिन कोड - 410221. महाराष्ट्र, भारत |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | http://www.arshiyalimited.com |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्तियों का बहुमत स्थित है | अर्शिया एफटीडब्ल्यूजेड, ग्राम साई तालुका पनवेल 410221, महाराष्ट्र |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | - अर्शिया लिमिटेड-फ्री ट्रेड वेयरहाउसिंग जोन (एफ) पनवेल, महाराष्ट्र का डेवलपर है<br>- FTWZ साइट लगभग 143 एकड़ भूमि पर फैली हुई है (113 एकड़ फ्रीहोल्ड और 30 एकड़ कैपिटल और इंडिया ट्रस्ट को 30 साल के लिए लीज पर दी गई है, जिसे हर बार 30 साल के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है) |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | वित्त वर्ष 2022-23 के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार, सकल राजस्व 41.43 करोड़ रुपये था - परिचालन का राजस्व 26.19 करोड़ रुपये और अन्य आय 15.24 करोड़ रुपये थी। |
| 7. | कर्मचारियों/वर्कमैन की संख्या | 16-20 |
| 8. | ऋणदाताओं की सूची सहित अन्य विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं: | http://www.arshiyalimited.com |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है: | समाधान आवेदकों को दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 29 ए के तहत पात्र होना चाहिए। विस्तृत जानकारी ईमेल in_arshiyalimited_cirp@pwc.com/ cirp.arshiyalimited@gmail.com द्वारा मांगी जा सकती है |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 28 अक्टूबर 2024<br>(*) कृपया नीचे नोट देखें |
| 11. | संभावित संकल्प आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 4 नवंबर 2024<br>(*) कृपया नीचे नोट देखें |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 9 नवंबर 2024<br>(*) कृपया नीचे नोट देखें |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तारीख | 14 नवंबर 2024<br>(*) कृपया नीचे नोट देखें |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तारीख | 19 नवंबर 2024<br>(*) कृपया नीचे नोट देखें |
| 15. | समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 19 दिसंबर 2024 (*) कृपया नीचे नोट देखें |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल आईडी प्रक्रिया | in_arshiyalimited_cirp@pwc.com / cirp.arshiyalimited@gmail.com |
| 17. | मूल दस्तावेज जमा करने का पता | पीडब्ल्यूसी कार्यालय, 252, दूसरी-5वीं मंजिल, वीर सावरकर मार्ग, शिवाजी पार्क, दादर, मुंबई - 400028, महाराष्ट्र, भारत |

(*) माननीय एनसीएलटी के समक्ष एक आवेदन दायर किया गया है, जिसमें 77 दिनों की अवधि को बाहर करने की मांग की गई है, बशर्ते कि माननीय एनसीएलटी द्वारा इसकी अनुमति दी जाए, जिससे संशोधित सीआईआरपी अवधि 20 अक्टूबर 2024 से 05 जनवरी 2025 तक बढ़ाई जाएगी।

पंकज महाजन
अर्शिया लिमिटेड के अंतरिम समाधान पेशेवर
IBBI पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P00836/2017-2018/11420
एएफए AA1/11420/02/181224/106618 वैधता 18.12.2024 तक
आरपी कार्यालय का पता: एच-223, डीएलएफ कैपिटल ग्रीन्स, 15, शिवाजी मार्ग, दिल्ली-110015
पत्राचार हेतु ईमेल आईडी: in_arshiyalimited_cirp@pwc.com / cirp.arshiyalimited@gmail.com
सहायक आईपीई: पीडब्ल्यूसी कॉर्पोरेट बिजनेस सर्विसेज एलएलपी
दिनांक: 14 अक्टूबर 2024